भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1145

05 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र में मेडिकल स्टाफ की कमी

†1145. श्री जयन्त बसुमतारीः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत बोडोलैंड क्षेत्रीय क्षेत्र में कुल कितने सार्वजनिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) कार्यरत हैं;
(ख) वर्तमान में विभिन्न पीएचसी तथा सीएचसी में तैनात चिकित्सा अधिकारियों, नर्सों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या कितनी है;
(ग) क्या क्षेत्र में चिकित्सा कर्मचारियों की कमी है और बड़ी संख्या में डॉक्टरों और नर्सों की तैनाती की आवश्यकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) इन सुविधाओं में स्वीकृत और रिक्त पदों की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): असम राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र में कुल 1 मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, 3 जिला अस्पताल, 3 उप-विभागीय अस्पताल, 28 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (मॉडल अस्पतालों सहित), 126 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 566 उप-केंद्र कार्यरत हैं। इन केन्द्रों में उपलब्ध विभिन्न पीएचसी और सीएचसी में वर्तमान तैनात चिकित्सा अधिकारियों, नर्सों और पैरामेडिक्स की संख्या अनुलग्नक में दी गई है।

(ग) और (घ): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में जनता की आवश्यकताओं के प्रति जवाबदेह और उत्तरदायी,न्यायसंगत, वहनीय और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने की परिकल्पना की गई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, एनएचएम के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी जन स्वास्थ्य देखरेख प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से कार्यक्रम कार्यान्वयन

योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही के रिकॉर्ड (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करती है।

हेल्थ डायनेमिक्स ऑफ इंडिया (एचडीआई) 2022-23 के अनुसार, बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र सहित असम राज्य में पीएचसी और सीएचसी स्तर पर लैब तकनीशियनों को छोड़कर चिकित्सा कर्मचारियों की आवश्यकता की तुलना में उपलब्धता में कोई कमी नहीं है।

इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सलाह दी जाती है कि वे नियुक्ति और स्थानांतरण की पारदर्शी नीतियां बनाएं तथा स्वास्थ्य पेशेवरों की तर्कसंगत तैनाती सुनिश्चित करें। चूंकि स्वास्थ्य सुविधाकेन्द्रों के लिए अपेक्षित पद संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा भरे जाते हैं, इसलिए उन पर रिक्त पदों को भरने का दबाव डाला जाता है।

अनुलग्नक

<u>बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र में चिकित्सा कर्मचारियों की कमी के संबंध में माननीय सांसद श्री जोयंत बसुमतारी द्वारा दिनांक 05.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1145 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण</u>

<u>बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र में विभिन्न पीएचसी और सीएचसी में वर्तमान में तैनात चिकित्सा अधिकारियों, नर्सों और पैरामेडिक्स की संख्या</u>

जिलें का नाम		जिलें				कुल
		बक्सा/तामुलपुर	**चिरांग**	**कोकराझार**	**उदलगुड़ी**	
विशेषज्ञ चिकित्सक	एनएचएम	15	6	8	8	37
	नियमित	17	15	20	16	68
	कुल	32	21	28	24	105
एमओ (एमबीबीएस)	एनएचएम	55	28	53	46	182
	नियमित	53	38	65	35	191
	कुल	108	66	118	81	373
एमओ (अयुर)	एनएचएम	18	9	21	11	59
	नियमित	20	6	25	15	66
	कुल	38	15	46	26	125
एमओ (होमियो)	एनएचएम	8	3	4	4	19
	नियमित	2	0	0	2	4
	कुल	10	3	4	6	23
दंत चिकित्सक	एनएचएम	7	3	7	4	21
	नियमित	1	0	1	2	4
	कुल	8	3	8	6	25
सीएचओ	एनएचएम	22	19	33	8	82
	नियमित	76	39	77	95	287
	कुल	98	58	110	103	369
ए.एन.एम	एनएचएम	135	76	85	95	391
	नियमित	150	54	171	163	538
	कुल	285	130	256	258	929
स्टाफ नर्स	एनएचएम	120	88	237	149	594
	नियमित	46	32	109	54	241
	कुल	166	120	346	203	835

लैब टेक	एनएचएम	37	20	13	21	91
	नियमित	27	8	32	18	85
	कुल	64	28	45	39	176
फार्मेसिस्ट	एनएचएम	26	11	11	13	61
	नियमित	47	28	58	39	172
	कुल	73	39	69	52	233
अन्य सेवा वितरण स्टाफ़ [पैरा मेडिकल]	एनएचएम	4	2	2	3	11
	नियमित	8	1	2	9	20
	कुल	12	3	4	12	31
रेडियोग्राफ़र	एनएचएम	1	0	2	2	5
	नियमित	5	4	5	4	18
	कुल	6	4	7	6	23
एमपीडब्ल्यू	एनएचएम	48	23	59	46	176
अन्य नर्सें	नियमित	0	1	0	0	1
	कुल	6	8	5	15	34
	एनएचएम	6	9	5	15	35
प्रोग.एमजीटी/एडमिन/नॉन-मेडिकल	नियमित	0	0	0	0	0
	कुल	114	57	96	73	340
	एनएचएम	260	160	348	271	1039
	नियमित	21	20	12	44	97
	कुल	394	237	456	388	1476
एकमुश्त	एनएचएम	21	24	29	15	89
	नियमित	0	0	0	0	0
	कुल	21	24	29	15	89
कुल योग		1369	783	1590	1281	5024

*****